बरेली, रविवार
31 दिसंबर 2017
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 20+6 =26

दैनिक जागरण

PAGE NO 6. LEFT TOP

शहरियों के लिए खोला जाएगा नया अस्पताल

समाज को स्वच्छ और सुशिक्षित रखने के लिए स्वास्थ्य और शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाना जरूरी है। अगले वर्ष इस दिशा में प्रयत्न किया जाएगा। बरेली कालेज में भी इसके लिए प्रयत्न होगा। शिक्षकों और विद्यार्थियों को भी अपनी जिम्मेदारी समझ कर इसके लिए पहल करनी होगी। शहर की पहचान ही मेडिकल और एजूकेशन हब के रूप में है। इसे और बढ़ाने की कोशिश जारी है और इसी के चलते अगले साल जनवरी के अंतिम सप्ताह या फरवरी के पहले सप्ताह में स्टेडियम रोड पर एक नया अस्पताल खोला जाएगा। एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से कम बेड के इस अस्पताल में सभी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। यह अस्पताल मूलत: शहर के उन लोगों के लिए होगा जो दूर होने के चलते भोजीपुरा स्थित एसआरएमएस मेडिकल कालेज नहीं जा पाते। मेडिकल कालेज की ओर से सेटेलाइट ओपीडी भी अगले वर्ष बढ़ाई जाएगी। –देवमूर्ति, चेयरमैन एसआरएमएस ट्रस्ट